# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (2 जनवरी)

- **1 जनवरी:** DRDO दिवस; रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research & Development Organisation) है DRDO का पूरा नाम; 1958 में किया गया था DRDO का गठन; विश्वस्तरीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधार की स्थापना कर भारत को रक्षा क्षेत्र में मज़बूत बनाना है DRDO का प्रमुख लक्ष्य; लंबे समय से DRDO देश की रक्षा सेनाओं के लिये नई तकनीकों के विकास में लगा है; मिसाइल, रडार, सोनार और टॉरपीडो आदि के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है DRDO
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने लॉन्च किया विद्यार्थियों पर केंद्रित प्रोग्राम; 'विद्यार्थियों से संवाद' है इस प्रोग्राम का नाम; 'विद्यार्थियों से संवाद' के पहले कार्यक्रम में पहले से चुने गए स्कूलों के 40 छात्र और 10 टीचर शामिल हुए; इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को ISRO की तिरुवनंतपुरम और बंगलुरु इकाई में ले जाने के साथ ही श्रीहरिकोटा के लॉन्च सेंटर भी ले जाया जाएगा; प्रोग्राम के तहत चयनित विद्यार्थियों को ISRO के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से संवाद करने का भी मौक़ा मिलेगा
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस में की अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र परिसर की शुरुआत; यह केंद्र दक्षिण एशिया में सहयोग को बढ़ावा देगा और चावल उगाने वाले देशों की अनुसंधान क्षमता को मज़बूत करेगा; इस केंद्र में परंपरागत चावल की किस्मों पर किया जाएगा फोकस; चावल उत्पादन के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश ; पहले स्थान पर चीन, लेकिन चावल निर्यात में भारत है अव्वल
- टी.बी. राधाकृष्णन बने तेलंगाना हाई कोर्ट के पहले मुख्य न्यायाधीश; आंध्र प्रदेश से अलग होने के बाद 1 जनवरी, 2019 को अस्तित्व में आया देश का 25 हाई कोर्ट है तेलंगाना; 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद से लेकर अब तक आंध्र प्रदेश (हैदराबाद) हाई कोर्ट से ही चल रहा था दोनों राज्यों का काम; विजयवाड़ा में है आंध्र प्रदेश का नया हाई कोर्ट
- भारतीय रेलवे की इलेक्ट्रिकल सर्विस के 1980 बैच के अधिकारी वी.के. यादव होंगे रेलवे बोर्ड के नए चेयरमैन; इससे पहले दक्षिण-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक पद पर कार्यरत थे वी.के. यादव; अश्विनी लोहानी हुए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष पद से रिटायर; ए.के. मित्तल के इस्तीफे के बाद अश्वनी लोहानी बने थे रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष; इससे पहले एयर इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर थे अश्वनी लोहानी; 1905 में हुई थी रेलवे बोर्ड की स्थापना
- केरल के सबरीमाला मंदिर में 21 दिवसीय मकरविलक्कू महोत्सव की शुरुआत; मुख्य पुजारी ने मंदिर के गर्भगृह के साथ ही पवित्र 18 सोपान पर धार्मिक अनुष्ठान किये; इसके बाद लोगों को मिली दर्शन करने की इजाज़त; मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को होगा मकरविलक्कू; केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से 175 किमी. की दूरी पर पथनमथिट्टा ज़िले में स्थित है सबरीमाला मंदिर
- पश्चिम बंगाल में किसानों के लिये शुरू हुई नई योजना; राज्य-प्रायोजित 'कृषक बंधु' योजना के तहत 18 से 60 वर्ष आयु के राज्य के हर किसान को मिलेगा दो लाख रुपए का जीवन बीमा; इसके अलावा किसानों को 5000 रुपये प्रति एकड़ वार्षिक आर्थिक सहायता भी दी जाएगी; इसमें किसान और खेतिहर मजदूर दोनों शामिल
- केंद्र सरकार ने इलाहाबाद का नाम 'प्रयागराज' करने के उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को दी मंज़ूरी; लगभग दो महीने पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद का नाम बदलने का फैसला कर केंद्र सरकार को मंज़ूरी के लिये भेजा था प्रस्ताव; उत्तर प्रदेश के फैज़ाबाद जिले का नाम 'अयोध्या' करने का प्रस्ताव अभी नहीं मिला केंद्र को; पश्चिम बंगाल का नाम 'बांग्ला' करने का प्रताव भी केंद्र के पास लंबित
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ संबंध मज़बूत करने वाले कानून पर किये दस्तखत; Asia Reassurance Initiative Act (ARIA) नाम दिया गया है इस कानून को; इस कानून के तहत अमेरिका ने इस क्षेत्र में भारत को बनाया अपना अहम साझेदार; दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंध और मज़बूत किये जाएंगे; ARIA कानून के तहत अगले 5 सालों के लिये 1.5 बिलियन डॉलर का बजट रखा है अमेरिका ने
- भारत और पाकिस्तान ने अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी; दोनों देशों के बीच 1988 में हुआ था परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले पर प्रतिबंध संबंधी समझौता; इस समझौते के अनुच्छेद-2 के तहत हर साल दोनों देश करते हैं इस सूची की अदला-बदली; 27 जनवरी, 1991 से प्रभावी हुए इस समझौते के तहत रिश्तों में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत और पाकिस्तान 1992 से लगातार ऐसा कर रहे हैं
- रूस देगा पाकिस्तान को 600 टी-90 टैंक; इनकी सहायता से पाकिस्तान की योजना मुख्य रूप से भारत से लगी सीमा पर अपनी युद्धक क्षमता को मज़बूत बनाना है; भारतीय थल सेना का मुख्य आधार है रूस निर्मित टी-90 टैंक; इन टैंकों के अलावा पाकिस्तानी सेना इटली से 150 mm की 245 SP माइक-10 तोपें भी खरीद रही है, जिनमें से 120 तोपें हासिल की जा चुकी हैं; गौरतलब है कि रूस भारत का सबसे विश्वसनीय मित्र देश है और सैन्य साजो-सामान का सबसे बड़ा सप्लायर भी
- दक्षिण कोरिया ने अपने यहाँ की बड़ी सुपरमार्केट्स में एक बार इस्तेमाल कर फेंक दिये जाने वाले प्लास्टिक पर लगाया बैन; वर्तमान कानून में संशोधन कर ऐसा किया गया; देश में प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग और इसके इस्तेमाल को हतोत्साहित करने के लिये ऐसा किया गया; इससे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी मदद मिलेगी; ऑस्ट्रेलिया, UK, फ्रांस, चीन, न्यूज़ीलैंड, नीदरलैंड्स और केन्या आदि कई देशों ने ऐसे प्लाटिक को प्रतिबंधित किया है; हाल ही में यूरोपीय संघ ने भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर लगाया था बैन
- अबू धाबी में शुरू हुआ लीवा स्पोर्ट्स फेस्टिवल; लीवा रेगिस्तान में 9 दिन तक चलता है यह फेस्टिवल; इस फेस्टिवल की बहुचर्चित ऊँट रेस पहले रहती थी विवादों में; छोटे बच्चों को ऊँट की पीठ से बाँधकर उन्हें दौड़ाया जाता था इस रेस में; बच्चों के चिल्लाने की आवाज़ से और तेज़ भागते थे ऊँट; 2002 में अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बाद रुका यह सिलसिला; अब रोबोट ने लिया है बच्चों का स्थान; ऊँट को तेज़ दौड़ाने के लिये ज़रूरी सभी इंतज़ामों से

लैस होते हैं ये रोबोट

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-02-01-2019